A86

छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय
विनियामक आयोग
छत्तीसगढ़ शासन

मधु पिल्ले चौक, राम मंदिर के सामने, शांति नगर,
रायपुर 492007 (छ.ग.)
दूरभाष नं. : 0771-2446018
ई-मेल : cgpurc@gmail.com
वेबसाइट : www.cgpurc.in

क्रमांक : 597 / एस.आर.सी. / 167 / एच / 2007 / 7385 रायपुर, दिनांक 23 / 10 / 2017

प्रति,

नियंत्रक,
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल,
व्यापम भवन, नार्थ-ब्लॉक, सेक्टर-19,
नया रायपुर (छ.ग.), 492001

विषयः-आयोग कार्यालय में तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु उम्मीदवारों का चयन कर सूची उपलब्ध कराने के संबंध में।

संदर्भः-उच्च शिक्षा विभाग का पत्र क्रमांक एफ 1-2 / 2017 / 38-2 दिनांक 27.09.2017

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से आयोग कार्यालय को राज्य शासन ने 05 पदों को भरने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस प्रकरण को आयोग की बैठक क्रमांक 97 / 2017 दिनांक 13.10.2017 में विचारार्थ रखा गया। बैठक के विषय क्रमांक 05 में लिये गये गये निर्णय अनुसार छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग (अधिकारी एवं कर्मचारियों की भर्ती तथा सेवा की शर्ते) विनियम 2009 की अनुसूची (2) के खण्ड "ब" में उल्लेखित तृतीय श्रेणी कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरा जाना है। भरे जाने वाले पदों का विवरण निम्नानुसार हैः-

| स. क. | पदनाम | वेतनबैण्ड | ग्रेड वेतन | पद संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शीघ्रलेखक ग्रेड-3 (अंग्रेजी) | 5200-20200 | 2800 | 01 |
| 2 | शीघ्रलेखक ग्रेड-3 (हिन्दी) | 5200-20200 | 2800 | 01 |
| 3 | लेखापाल | 5200-20200 | 2400 | 01 |
| 4 | डाटाएन्ट्री ऑपरेटर | 5200-20200 | 2400 | 02 |
| | | | कुल योग- | 05 पद |

अतः विनियम 2009 की अनुसूची (2) के खण्ड "ब" में उपरोक्तानुसार पद सीधी भर्ती से भरे जाने वाले रिक्त पद है तथा इन पदो के लिये योग्यता एवं अनुभव अनुसूची (4) में दी गयी है। विनियम 2009 की अनुसूची (2) एवं (4) की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित है। कृपया इन पदों हेतु उम्मीदवारों का चयन कर सूची आयोग कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि आयोग कार्यालय में नियुक्तियां की जा सके।

संलग्नः-उपरोक्तानुसार।
(माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुमोदित)

(रामजी द्विवेदी)
प्र.सचिव
छ.ग. निजी वि.वि.विनियामक
आयोग

o/c

क्रमशः-2

"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/तक. 114-009/2003/20-01-03."

# छत्तीसगढ़ राजपत्र

## ( असाधारण )

## प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 242 ] रायपुर, सोमवार, दिनांक 31 अगस्त 2009—भाद्र 9, शक 1931

उच्च शिक्षा विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 29 अगस्त 2009

अधिसूचना

क्रमांक एफ-1-5/2008/38-2.—छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन ) नियम, 2005 के नियम 12 के खण्ड (क) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के लिए निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात् :-

विनियम

**अध्याय 1. प्रारंभिक**

1. **संक्षिप्त नाम, विस्तार तथा प्रारंभ** :- (क) ये विनियम " छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग (अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भर्ती तथा सेवा की शर्तें) विनियम , 2009 कहलाएंगे.

(ख) इसका विस्तार संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में होगा.

(ग) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे.

2. **कार्य क्षेत्र विस्तार का लागू होना** :-ये नियम छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें ) भर्ती नियम, 1961, में अन्तर्विष्ट उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना सचिव तथा सेवा के प्रत्येक कर्मचारियों पर लागू होंगे.

## अनुसूची-दो

**छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग में अधिकारियों/ कर्मचारियों का प्रवर्ग एवं संख्या**

**खण्ड-अ**

**अधिकारियों की भर्ती की प्रक्रिया और वेतनमान**

| स. क्र. | पद का नाम | पदों की संख्या | प्रवर्ग छत्तीसगढ़ शासन के वर्गीकरण के अनुसार | वेतनमान (रु. में) | भर्ती का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | सचिव | 01 | प्रथम श्रेणी | 14600-400-18300 | सीधी भर्ती/संविदा/ प्रतिनियुक्ति |
| 2. | उप संचालक | 01 | तदैव | 12000-420-18300 | तदैव |
| 3. | लेखा अधिकारी | 01 | तदैव | 10000-325-15200 | तदैव |
| 4. | प्रोग्रामर | 01 | द्वितीय श्रेणी | 8000-275-13500 | तदैव |

**खण्ड-ब**

**कर्मचारियों की भर्ती की प्रक्रिया और वेतनमान**

| स. क्र. | पद का नाम | पदों की संख्या | प्रवर्ग | वेतनमान (रु. में) | भर्ती का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शीघ्रलेखक ग्रेड-I (हिन्दी) | 01 | तृतीय श्रेणी | 6500-200-10500 | पदोन्नति/ प्रतिनियुक्ति |
| 2. | शीघ्रलेखक ग्रेड-I (अंग्रेजी) | 01 | तृतीय श्रेणी | 6500-200-10500 | पदोन्नति/ प्रतिनियुक्ति |
| 3. | कनिष्ठ लेखाधिकारी | 01 | तृतीय श्रेणी | 5000-150-8000 | सीधी भर्ती |
| 4. | सहायक प्रोग्रामर | 01 | तृतीय श्रेणी | 5000-150-8000 | सीधी भर्ती |
| 5. | शीघ्रलेखक ग्रेड-III (अंग्रेजी) | 01 | तृतीय श्रेणी | 4500-125-7000 | सीधी भर्ती |
| 6. | शीघ्रलेखक ग्रेड-III (हिन्दी) | 01 | तृतीय श्रेणी | 4500-125-7000 | सीधी भर्ती |
| 7. | लेखापाल वर्ग-I | 01 | तृतीय श्रेणी | 4500-125-7000 | पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति |
| 8. | सहायक ग्रेड-II | 01 | तृतीय श्रेणी | 4000-100-6000 | पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति |
| 9. | लेखापाल | 01 | तृतीय श्रेणी | 4000-100-6000 | सीधी भर्ती |
| 10. | डाटा एन्ट्री आपरेटर | 02 | तृतीय श्रेणी | 4000-100-6000 | सीधी भर्ती |
| 11. | स्टेनो टायपिस्ट | 01 | तृतीय श्रेणी | 3500-80-4700-100-5200 | सीधी भर्ती |
| 12. | सहायक ग्रेड-III | 03 | तृतीय श्रेणी | 3050-75-3950-80-4590 | सीधी भर्ती |
| 13. | वाहन चालक ग्रेड-II | 02 | तृतीय श्रेणी | 2610-60-3150-65-3540 | सीधी भर्ती |
| 14. | भृत्य | 04 | चतुर्थ श्रेणी | 2550-55-2660-60-3200 | सीधी भर्ती |
| 15. | फर्राश | 01 | चतुर्थ श्रेणी | 2550-55-2660-60-3200 | सीधी भर्ती |

## अनुसूची-चार

### सीधी भर्ती वाले पदों के लिए योग्यता एवं अनुभव

| स. क्र. (1) | पद का नाम (2) | न्यूनतम आवश्यक योग्यता एवं अनुभव (3) | वांछनीय अतिरिक्त योग्यता/अनुभव (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | सचिव | शासन द्वारा विहित | शासन द्वारा विहित |
| 2. | उप संचालक | तदैव | तदैव |
| 3. | लेखा अधिकारी | तदैव | तदैव |
| 4. | प्रोग्रामर | तदैव | तदैव |
| 5. | कनिष्ठ लेखा अधिकारी | (क) किसी भी विषय में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक.<br>(ख) लेखा संधारण कार्य करने का 4 वर्ष का अनुभव. | (क) कम्प्यूटर में कार्य करने का अनुभव.<br>(ख) अच्छे लेखन एवं बोलचाल की भाषा में दक्षता. |
| 6. | सहायक प्रोग्रामर | (क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक.<br>(ख) मान्यता प्राप्त संस्था से पी. जी. डी. सी. ए./एच. डी. सी. ए. | (क) टायपिंग का अच्छा ज्ञान रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी.<br>(ख) अच्छे लेखन एवं बोलचाल की भाषा में दक्षता. |
| 7. | शीघ्र लेखक ग्रेड-III (हिन्दी) | (क) किसी मान्यता प्राप्त मंडल से 10+2 उत्तीर्ण.<br>(ख) किसी मान्यता प्राप्त मंडल से शीघ्रलेखन 100 शब्द प्रति मिनट की गति से परीक्षा उत्तीर्ण.<br>(ग) किसी मान्यता प्राप्त मंडल से मुद्रलेखन 25 शब्द प्रति मिनट के साथ परीक्षा उत्तीर्ण. | (क) कम्प्यूटर में डिप्लोमा रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी.<br>(ख) अच्छे लेखन एवं बोलचाल की भाषा में दक्षता. |
| 8. | लेखापाल | (क) किसी भी विषय में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक.<br>(ख) लेखा संधारण कार्य करने का दो वर्ष का अनुभव. | (क) कम्प्यूटर में कार्य करने का अनुभव.<br>(ख) अच्छे लेखन एवं बोलचाल की भाषा में दक्षता. |
| 9. | डाटा एन्ट्री आपरेटर | (क) किसी मान्यता प्राप्त मंडल से 10+2 उत्तीर्ण.<br>(ख) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर में एक वर्ष का डिप्लोमा (डी. सी. ए./एच. डी. सी. ए.)<br>(ग) कम्प्यूटर में काम करने का तीन वर्ष का अनुभव. | (क) टायपिंग का अच्छा ज्ञान रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी.<br>(ख) अच्छे लेखन एवं बोलचाल की भाषा में दक्षता. |
| 10. | स्टेनो टायपिस्ट | (क) किसी मान्यता प्राप्त मंडल से 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण.<br>(ख) मान्यता प्राप्त मंडल से शीघ्रलेखन में 60 शब्द प्रतिमिनट हिन्दी/अंग्रेजी में अनुभव.<br>(ग) किसी मान्यता प्राप्त मंडल से मुद्रलेखन हिन्दी/अंग्रेजी में परीक्षा उत्तीर्ण. | (क) कम्प्यूटर में डिप्लोमा रखने वाले को प्राथमिकता दी जावेगी.<br>(ख) अच्छे लेखन एवं बोलचाल की भाषा में दक्षता. |

| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| 11. | सहायक ग्रेड-III | (क) किसी मान्यता प्राप्त मंडल से 10+2 उत्तीर्ण.<br>(ख) किसी मान्यता प्राप्त मंडल से मुद्रलेखन हिन्दी/अंग्रेजी में परीक्षा उत्तीर्ण. | (क) कम्प्यूटर में डिप्लोमा रखने वाले को प्राथमिकता दी जावेगी.<br>(ख) अच्छे लेखन एवं बोलचाल की भाषा में दक्षता. |
| 12. | वाहन चालक ग्रेड-II | (क) किसी भी मान्यता प्राप्त मंडल से आठवीं उत्तीर्ण.<br>(ख) हल्के वाहन चलाने का पांच साल पुराना ड्राइविंग लायसेंस होना चाहिए.<br>(ग) वाहन चलाने का दो वर्ष का अनुभव | |
| 13. | भृत्य | (क) किसी भी मान्यता प्राप्त मंडल से न्यूनतम पांचवीं उत्तीर्ण.<br>(ख) संबंधित कार्य का तीन वर्ष का अनुभव. | |
| 14. | फर्राश | (क) किसी भी मान्यता प्राप्त मंडल से पांचवीं उत्तीर्ण.<br>(ख) संबंधित कार्य का तीन वर्ष का अनुभव. | |